पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या–UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 252 हल्द्वानी | शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठः 8

## एक नजर

### कार खाई में गिरने से पूर्व सैनिक की मौत, दो घायल

**पिथौरागढ़।** धारचूला में सड़क हादसे में एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। जिससे कार चला रहे 75 वर्षीय पूर्व सैनिक की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को संयुक्त अस्पताल धारचूला में भर्ती किया गया है। कार धारचूला से सिनियाखोला जा रही थी और तहसील मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर घटखोला पुल के पास अचानक अनियंत्रित होकर करीब 30 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार चला रहे 75 वर्षीय पूर्व सैनिक कमल राम जौहरी पुत्र हरी राम की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार नर सिंह और विजेंद्र थापा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह नेगी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस और स्थानीय राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को खाई से बाहर निकाला। जिसके बाद उन्हें तत्काल संयुक्त अस्पताल धारचूला में भर्ती कराया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। जबकि शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार कार चालक पूर्व सैनिक कमल राम जौहरी के दोनों बेटे सेना में कार्यरत हैं। पूर्व सैनिक की मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### कैंटर की चपेट में आई स्कूटी चालक महिला बाल-बाल बची

**लोहाघाट।** चंपावत राष्ट्रीय



राजमार्ग में आज दोपहर एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। लोहाघाट से टनकपुर की ओर जा रहे कैंटर की चपेट में एक स्कूटी आ गई दुर्घटना में महिला स्कूटी चालक पूजा जोशी घायल हुई है हालांकि हादसा काफी बड़ा था स्कूटी पूरी तरह कैंटर की नीचे घुस गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक एक महिला अपनी स्कूटी में चंपावत की ओर से आ रही थी तभी अचानक महिला ने अपनी स्कूटी को राजपुर सड़क की ओर मोड़ दिया तभी वह सामने से आ रही कैंटर की चपेट में आ गई। लोगों ने बताएं गनिमत रही महिला ने हेलमेट पहना हुआ था जिससे उसकी जान बच गई बताया जा रहा है महिला को चोटे आई हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल अस्पताल भेजा गया है।

# महिला आरक्षण बिल पर संसद में घमासान

## पीएम की अपील 'नारीशक्ति के पक्ष में करें मतदान', विपक्ष ने किया विरोध का ऐलान



**नई दिल्ली।** संसद में महिला आरक्षण से जुड़े नारीशक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन को लेकर जोरदार बहस के बीच राजनीतिक तापमान चरम पर पहुंच गया है। लोकसभा में मतदान से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दलों से भावुक अपील करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को उनका अधिकार देने का समय आ गया है, कृपया महिला आरक्षण के पक्ष में मतदान करें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर चार दशक तक राजनीति हो चुकी है और अब देश की महिलाओं को निर्णय प्रक्रि या में उचित भागीदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि चर्चा के दौरान सभी आशंकाओं और भ्रमों का समाधान किया जा चुका है।

दूसरी ओर विपक्ष ने इस बिल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस इस बिल के खिलाफ वोट करेगी और इसे पास नहीं होने देगी।

कांग्रेस सांसद हिबी ईडन व प्रियंका गांधी बढेरा ने भी बिल का विरोध करते हुए कहा कि इसे परिसीमन प्रक्रिया से जोड़ना उचित नहीं है और इससे इसके लागू होने में अनावश्यक देरी होगी। बढेरा ने यह भी कहा कि यह चुनावी लाभ लेने के लिए लागू करवाया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह विधेयक महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण का बड़ा कदम है और इसका विरोध करना महिलाओं के अधिकारों का विरोध है। वहीं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटले ने कहा कि देश की करोड़ों महिलाओं की निगाहें संसद पर टिकी हैं और यह ऐतिहासिक बदलाव का क्षण है। जबकि नगीना से सांसद ने बिल का समर्थन करते हुए महिलाओं की सुरक्षा और राज्यों के पुनर्गठन जैसे मुद्दों को भी उठाया।

एलजेपी (रामविलास) की सांसद सांभवी चौधरी ने विपक्ष से सवाल करते हुए कहा कि परिसीमन और 2029 तक लागू होने की प्रक्रिया पर आपत्ति क्यों है। संसद में देर तक चली चर्चा के बाद अब सबकी नजरें लोकसभा में होने वाले मतदान पर टिकी हैं। यह विधेयक न सिर्फ महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का दावा करता है, बल्कि आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा भी तय कर सकता है। फिलहाल बहस जारी है।

# सीएम धामी खुद पहुंचे शिकायत स्थल



**देहरादून।** सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण को लेकर प्रदेश सरकार की गंभीरता उस समय देखने को मिली जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद शिकायत स्थल पर पहुंच गए। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने देहरादून के जाखन क्षेत्र में पहुंचकर फुटपाथ क्षतिग्रस्त होने की शिकायत की मौके पर जांच की और अधिकारियों को फटकार लगाई।

जानकारी के अनुसार, जाखन निवासी विवेक मदान ने राजपुर रोड पर विद्युत लाइन को अंडरग्राउंड किए जाने के दौरान फुटपाथ को नुकसान पहुंचने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि पहले फुटपाथ का निर्माण किया गया, लेकिन बाद में यूपीसीएल द्वारा उसे खोदकर अंडरग्राउंड लाइन बिछाई गई। इसके बाद मिट्टी का समुचित भरान न होने के कारण फुटपाथ की टाइल्स धंस गईं, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री धामी निर्धारित समीक्षा बैठक से पहले ही मौके पर पहुंच गए और शिकायतकर्ता को साथ लेकर स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अधिकारियों को वीडियो कॉल कर मौके की वास्तविक स्थिति दिखाई।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पाया कि अंडरग्राउंड लाइन बिछाने के बावजूद कई स्थानों पर बिजली की लाइन ऊपर दिखाई दे रही है, जिससे आमजन के लिए खतरा बना हुआ है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए, ताकि बार-बार खुदाई और मरम्मत की स्थिति न बने।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि प्रदेशभर में इस तरह की शिकायतों की पहचान कर उनके समाधान के लिए अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे इस तरह के औचक निरीक्षण करते रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय दुकानदारों और क्षेत्रवासियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

## शारदा खनन में घन मीटर बढ़ाने को लेकर सीएम को ज्ञापन

**टनकपुर।** माँ शारदा खनन शक्तिमान यूनियन नें अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में शारदा खनन में घन मीटर बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय पहुंचकर सीएम धामी को ज्ञापन भेजा। वर्ष 2026 में शारदा अप खनिज की मात्रा 3 लाख 35 हजार घन मीटर है जो कि अप्रैल माह के लास्ट तक खनन सत्र पूर्ण होने से पहले ही खत्म हो रही है, जो की खनन पूर्ण होने से लगभग डेढ़ महीने पहले समाप्त होने वाली है जिससे राजस्व को बहुत हानि होगी। वहीं कारण से जुड़े मजदूर वाहन स्वामी एवं क्षेत्र के व्यापारियों की आजीविका पर काफी असर पड़ेगा। मां शारदा खनन शक्तिमान यूनियन नें मांग की है इस दौरान अध्यक्ष मनोज गुप्ता, कुंदन मंडल, चंदू चंद, रघुवीर, कमल शर्मा, संदीप,मदन जोशी, नसीबो, जाहिद, कमलेश शर्मा, पंकज जोशी, गौरव जोशी, ईस अहमद, रहमान, शाहीद, नजीर, संजय आदि वाहन स्वामी व खनन व्यापारी मौजूद रहे।

# पंतनगर में 700 परिवारों को बेदखली का नोटिस मिलने से हड़कंप

## पूर्व विधायक शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में धरना देकर डीएम को दिया ज्ञापन

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** पंतनगर की संजय कॉलोनी के 700 परिवारों को बेदखली का नोटिस मिलने से हड़कंप मच गया। आज सैकड़ो लोग पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरना देने के बाद उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने का कि उन्हें ज्ञात हुआ कि जिस भूमि को खाली कराया जा रहा है इसका प्रस्ताव पंतनगर बोर्ड की बैठक में पास हुआ था।



उन्होंने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय ऐसा कोई भी प्रस्ताव पास नहीं कर सकता वह अपने विश्वविद्यालय तक सीमित है।

शुक्ला ने विधायक तिलक राज बेहड पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पहले नगला को उजाड़ने का प्रयास किया और अब संजय कॉलोनी के सैकड़ो परिवारों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक बेहड की जिम्मेदारी बनती है कि वह क्षेत्र की जनता के हितेषी बने क्योंकि वह इस क्षेत्र के विधायक हैं उन्होंने कहा इस गंभीर मुद्दे पर वह दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनता के हित में लड़ाई लड़ें, सिर्फ माला पहनने और सरकारी वेतन तक ही सीमित ना रहे। उन्होंने कहा कि विधायक बेहड अहंकार में डूबे रहते हैं और क्षेत्र में दावा कर रहे हैं कि वह आने वाले चुनाव में शुक्ला को हजारों वोटो से हिलाएंगे वह शायद भूल गए कि पिछला चुनाव वह सहानुभूति के बल पर जीते थे। लेकिन जनता अब उनके बहकावे में नहीं आने वाली क्योंकि वह जनता को गुमराह कर राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व रुद्रपुर की खेड़ा बस्ती में भी झील के नाम पर लोगों को उजाडा गया था जिसका उन्होंने विरोध किया था।

शुक्ला ने कहा की विधायक बेहड ने आज तक एक भी बस्ती बसाई नहीं लेकिन लोगों को उजाड़ने काम उन्होंने बखूबी किया है। पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि वह 20 अप्रैल को एक शिष्टमंडल के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करेंगे और जनता को राहत दिलाने का प्रयास करेंगे ताकि इनके जल्दी से उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की जाए। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में पंतनगर की संजय कॉलोनी के लोग मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# कमजोर मानसून की आहट

देश में आगामी मानसून को लेकर मौसम विभाग द्वारा जारी प्रारंभिक पूर्वानुमान ने एक बार फिर चिंता की रेखाएं खींच दी हैं। सामान्य से लगभग 8 प्रतिशत कम वर्षा की संभावना जताई गई है, जो सीधे तौर पर कृषि, जल संसाधनों और जनजीवन पर प्रभाव डाल सकती है। यद्यपि यह केवल पहला अनुमान है और आगे और पूर्वानुमान आने शेष हैं, फिर भी इसे हल्के में लेना नीतिगत चूक साबित हो सकती है। विशेष रूप से के प्रभाव को देखते हुए कमजोर मानसून की आशंका को गंभीरता से समझना होगा। भारत जैसे देश में मानसून महज एक ऋतु नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक जीवन का आधार है। देश की आधे से अधिक कृषि भूमि आज भी वर्षा पर निर्भर है, वहीं पेयजल, जलाशयों का भरण और भूजल स्तर भी मानसून पर ही टिके हैं। यदि सामान्य 87 सेंटीमीटर वर्षा घटकर 81 सेंटीमीटर के आसपास सिमटती है, तो इसके दूरगामी परिणाम होंगे—खेतों में सूखा, शहरों में जल संकट और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत। चिंता की बात यह नहीं है कि मानसून कमजोर हो सकता है, बल्कि यह है कि मजबूत मानसून के वर्षों में भी हमने जल प्रबंधन की दिशा में कोई ठोस और दीर्घकालिक तैयारी नहीं की। अत्यधिक भूजल दोहन, वर्षा जल संचयन की योजनाओं का कागजी क्रियान्वयन, और प्राकृतिक जल स्रोतों की उपेक्षा ये सभी हमारी नीतिगत कमजोरियों को उजागर करते हैं। शहरीकरण की अंधी दौड़ में तालाब, नाले और जल मार्ग या तो समाप्त हो गए हैं या अवरुद्ध कर दिए गए हैं। परिणामस्वरूप, बरसात का पानी न तो संरक्षित हो पाता है और न ही भूजल स्तर को पर्याप्त रूप से पुनर्जीवित कर पाता है। वर्षा जल संचयन के लिए सरकारों ने बड़े पैमाने पर योजनाएं लागू कीं, परंतु उनका रखरखाव और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित नहीं किया गया। छोटे-छोटे एनिकटों का निर्माण भी दीर्घकालिक समाधान नहीं दे पाया, क्योंकि उनके रखरखाव की अनदेखी की गई। इसी प्रकार, जल पुनर्चक्रण और जल संरक्षण के प्रति स्पष्ट और सख्त नीति का अभाव भी स्थिति को और जटिल बनाता है। अब समय आ गया है कि इस चेतावनी को अवसर में बदला जाए। केंद्र और राज्य सरकारों को तत्काल प्रभाव से आपदा प्रबंधन की अग्रिम रणनीति तैयार करनी चाहिए। संभावित सूखा प्रभावित क्षेत्रों की पहचान, जलाशयों के बेहतर प्रबंधन, और शहरी जल निकासी व्यवस्था की समय रहते सफाई जैसे कदम उठाना अनिवार्य हैं। इसके साथ ही, दीर्घकालिक स्तर पर जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना होगा। सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा, भूजल दोहन पर नियंत्रण, और जल पुनर्चक्रण की प्रभावी नीति ही भविष्य का रास्ता तय करेगी। व्यक्तिगत स्तर पर भी जिम्मेदारी कम नहीं है। पानी के विवेकपूर्ण उपयोग, वर्षा जल संचयन को अपनाने और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। यह समझना होगा कि पानी का संकट केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की साझी चुनौती है। कमजोर मानसून की आशंका हमें यह सिखाती है कि प्राकृतिक संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अब और नहीं चल सकती। यदि हमने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले वर्षों में पानी केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि संघर्ष का कारण बन जाएगा।

# पहचान छुपाकर व्यापार करने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान की मांग

## विधायक बोले लैंड जिहाद, लव जिहाद के बाद रुद्रपुर मे बिरयानी जिहाद को किसी सूरत मे नहीं किया जायेगा बर्दाश्त



जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रुद्रपुर।** नाम बदलकर व्यापार करने वालीं घटना जिसमे गत दिवस त्रिशूल चौक के पास हुऐ घटनाक्रम पर एसएसपी ऑफिस पहुंचे रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने हिन्दू सगठनो के साथ एसपी क्राइम जीतेन्द्र चौधरी को लिखित ज्ञापन सौंपकर ऐसे असमाजिक तत्वों व पहचान छुपाकर व्यापार करने वालों के खिलाफ सघन अभियान चालने की बात कही।

मुलाक़ात के दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहाँ गत दिवस रवि चंद्रा नाम के युवक द्वारा जोमैटो पर बिरयानी ऑर्डर किया जाता है जिसकी जोमैटो आईडी सौरभ के नाम से दिखाई दे रही थी और जबकि डिलीवरी बॉय आर्डर लेने त्रिशूल चौक के समीप इंडियन रेस्टोरेंट पर आर्डर लेने पहुंचता है इसका मालिक राशिद निकलता है तब जाकर वहाँ गत दिवस इंडियन रेस्टोरेंट पर हंगामा खड़ा हो गया तो हिंदू संगठन के लोग पहुंचे उन्होंने पहचान छुपा कर व्यवसाय करने वाले का जमकर विरोध किया और धार्मिक भावनाएं के साथ सीधा सीधा खिलवाड़ है ।विधायक शिव अरोरा ने एसपी क्राइम से स्पष्ट कहाँ निश्चित रूप से गत दिवस कोई बड़ी घटना हो सकती थी यह कार्य अपराध की श्रेणी मे आता है आप नाम छुपाकर हिन्दू लोगो भावनाओं को आहत करने और जिस प्रकार की सुनियोजित मानसिकता दिखाई पड़ती है।

यह बर्दाश्त योग्य बिल्कुल नहीं अगर इसके उलट हिंदू समाज द्वारा ऐसा किया गया होता तो अब तक दृश्य कुछ ऐसा होता जिसपर स्थिति नियंत्रण मे नहीं होती।यह तो हिंदू संगठन की सूझबूझ का परिणाम है जो उन्होंने पुलिस को सूचना कर मौके पर बुलाया पूरी घटना से अवगत कराया यह एकमात्र साइबर अपराध नहीं है यह किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा आज तक हम लैंड जिहाद, थूक जिहाद,लव जिहाद देख रहे थे लेकिन यह बिरयानी जिहाद रुद्रपुर में जिसकी शुरुआत गत दिन देखने में आई है यह कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पुलिस विभाग इसमें सघन सत्यापन अभियान चलाएं जिससे ऐसे नाम छुपा कर व्यवसाय करने वाले लोग चिन्हित हो और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कड़ी कार्रवाई की जाए।भविष्य में ऐसी घटनाओं के पुनर्वती होती है तो इससे धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती है बड़ी घटनाएं घटित होने की संभावना हो सकती है।

इसलिए पुलिस विभाग को ऐसे मामलों में गंभीरता से सचेत रहकर कार्रवाई अमल में लानी चाहिए हालांकि रेस्टोरेंट स्वामी के खिलाफ पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है लेकिन विधायक द्वारा उसको सिर्फ साइबर अपराधना न मानते हुए इसे धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ करने की श्रेणी से देखते हुऐ कार्यवाही करनी चाहिए।विधायक शिव अरोरा स्पष्ट संदेश दिया उनके रुद्रपुर में होते हुए ऐसे कट्टरपंथी मानसिकता को किसी प्रकार से पनपने नहीं दिया जाएगा।

आप व्यापार करें अपनी असली पहचान के साथ करें ऐसे नाम छुपा कर हिंदुओं के आस्था के और धर्म के साथ खिलवाड़ करना इसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसपी क्राइम जीतेन्द्र चौधरी ने विधायक शिव अरोड़ा को भरोसा दिया इसमें हम ड्राइव चला कर ऐसे अन्य कोई लोग पाये जाते हैं तो उन्हें चिन्हित करने का कार्य करेंगे और नियमनुसार कार्यवाही करेंगे । इस दौरान गौ रक्षा दल जिला महामंत्री राधे श्रीवास्तव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान, मनीष गोस्वामी, मनोज मदान, विक्की राघव, रचित सिंह, आदेश भरद्वाज, मयंक कक्कड़, मयंक माटा, वासु, रवि चंद्रा आदि लोग मौजूद रहें।

## ई-मोबाइल वैन के जरिए गांव-कस्बों तक पहुंची पुलिस

**अल्मोड़ा।** जनपद पुलिस द्वारा ई-मोबाइल वैन के माध्यम से गांव-कस्बों तक पहुंचकर नए कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत लोगों को भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों और उनमें नागरिकों को मिले अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। अभियान के अंतर्गत सचल न्यायालय टीम ने अल्मोड़ा, दन्या, जागेश्वर, बाड़ेछीना और लमगड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संवाद किया। इस दौरान भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई और लोगों की शंकाओं का समाधान किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि नए कानूनों के तहत नागरिकों को बेहतर सुरक्षा, त्वरित न्याय और पारदर्शी प्रक्रिया का लाभ मिलेगा। साथ ही लोगों को कानूनों का पालन करने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने और समाज में शांति व सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में अपर उपनिरीक्षक पुष्कर सिंह खाती, कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह रिंगवाल, कांस्टेबल सुमित कुमार और चालक कांस्टेबल अजय जोशी शामिल रहे।

# अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल का सीबीएसई कक्षा 10 में शत-प्रतिशत परिणाम, छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन





**कालाढूंगी।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम घोषित हो गए हैं। नयागांव स्थित अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल का इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

विद्यालय स्तर पर छात्र ललित पाठक ने 95त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्र लक्षित गेरा ने 92त्न अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में छात्रा अनुष्का जोशी ने 91त्न अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती टीना खन्ना ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य डॉ. खान ने बताया कि विद्यालय ने पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परिणाम की परंपरा को बनाए रखा है। विद्यालय प्रबंधन ने इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षा परिवार को बधाई दी तथा भविष्य में और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। उप-प्रधानाचार्य वंदना पलरिया ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।


## सोर वैली में 10 वीं में ध्रुव चंद रजवार ने किया टॉप










**पिथौरागढ़।** सोर वैली पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के 10 वीं के परीक्षाफल में ध्रुव चंद रजवार ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। ध्रुव के पिता डॉ. महेश चंद रजवार जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ फिजीशियन के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी माता मंजू रजवार सोर वैली पब्लिक स्कूल में ही प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। विद्यालय की सिमरन कोहली ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा पारस अवस्थी ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की निदेशक डॉ. उमा पाठक और प्रधानाचार्य मंजू रजवार ने परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों तथा उनके परिवार को शुभकामनाएं दी हैं।

**आवश्यकता है**

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋषिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735

**आपका सुझाव - हमारी दिशा**

प्रिय स्नेही जन

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordailyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408

**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# एक मई से शुरू होगी आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा

## उसी दिन से बनेंगे इनर लाइट परमिट



**पिथौरागढ़।** आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा की तैयारी को लेकर धारचूला में उपजिलाधिकारी आशीष जोशी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। यात्रा की तारीख को लेकर एसडीएम आशीष जोशी ने कहा कि मौसम अनुकूल रहने पर एक मई से आदि कैलाश यात्रा शुरू की जाएगी। एक मई से ही यात्रा के लिए इनर लाईन परमिट जारी किए जाएंगे। प्रशासन यात्रा को लेकर पूरी तरह तैयार है और सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। धारचूला में आगामी आदि कैलाश की यात्रा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में एसडीएम आशीष जोशी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, व्यवसायियों, टैक्सी यूनियन और होम स्टे संचालकों के साथ बैठक कर यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए। यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व पेयजल, शौचालय, सड़क, घोड़े, खच्चर, रसोई गैस सहित अन्य बिंदुओं पर व्यापक विचार विमर्श हुआ। जिला पंचायत और पर्यटन विभाग को पांगला और छियालेख में पोर्टेबल टॉयलेट बनाने के निर्देश दिए गए। निर्णय लिया गया कि ज्योलिंगकोंग में घोड़े व खच्चर बिना टैगिंग के नहीं चलेंगे।

घोड़े खच्चरो का बीमा आवश्यक होगा। बिना पंजीकरण के कोई होमस्टे संचालित नहीं होगा। बीआरओ को आदि कैलाश और ओम पर्वत सड़क पर गड्ढे पाटने, मांगती नाला, ऐला गाड़, कूलागाड़, नजंग, प्यलसीती आदि स्थानों पर मार्ग ठीक करने और लोडर मशीन तैनात करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एसडीएम आशीष जोशी ने ग्राम गुंजी में पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए सड़क निर्माण कंपनी सारथी को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान प्रतिदिन टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। वहीं पेयजल निगम को पंपिंग योजना को जल्द सुचारू करने और बीआरओ को यात्रा व मानसून काल के दौरान संवेदनशील मार्गों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थानीय निवासियों को आधार कार्ड के आधार पर यात्रा की अनुमति देने की मांग रखी, जिस पर एसडीएम ने सहमति जताई।

साथ ही ओल्ड लिपूपास से चीन में स्थित कैलाश पर्वत के दर्शन की अनुमति की मांग पर उच्च अधिकारियों से वार्ता करने की बात कही गई। बैठक में यात्रा मार्ग, ठहरने की व्यवस्था, परिवहन और सुरक्षा मानकों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम ने होमस्टे संचालकों और टूर ऑपरेटरों से साफ-सफाई, बेहतर सुविधाएं और यात्रियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने की अपील की।

साथ ही गैस संकट को देखते हुए सिलेंडर का सीमित उपयोग कर वैकल्पिक संसाधनों को अपनाने की भी सलाह दी। पिछले वर्ष फर्जी इनर लाइन परमिट के मामलों को ध्यान में रखते हुए एसडीएम ने सभी सीएससी सेंटर संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि फर्जीवाड़ा पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इनरलाईन परमिट ऑनलाईन के साथ साथ ऑफलाइन भी जारी होंगे। इनरलाइन परमिट के लिए पुलिस वैरीफिकेशन, सरकारी अस्पताल का मेडिकल प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड आवश्यक होगा। प्रशासन की इन तैयारियों से उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार आदि कैलाश यात्रा सुरक्षित, व्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न होगी। बैठक में तहसीलदार दमन शेखर राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## अटल उत्कृष्टराजकीय इंटर कॉलेज चौनलिया का शत प्रतिशत

**अल्मोड़ा।** सी. बी. एस. ई. ने बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है जिसमें अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चौनलिया का 10 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा महेश दुर्गापाल एवं एस एम सी अध्यक्ष जगदीश चंद्र पांडे ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## कार से अवैध शराब बरामद, एक युवक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से भारी मात्रा में अवैध शराब और बियर बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया है। पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल की रात कोतवाली क्षेत्र में क्लारब रोड पर लोधिया की ओर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मस्जिद से करीब 200 मीटर आगे एक अल्टो कार को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन चालक अक्षत सिंह बिरोड़िया के कब्जे से 9 पेटी अंग्रेजी शराब (108 बोतल) और 8 पेटी बियर (192 कैन) बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर कोतवाली में आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। बरामद शराब की कीमत करीब 1 लाख 8 हजार 600 रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी अक्षत सिंह बिरोड़िया (25) पुत्र सर्वजीत सिंह बिरोड़िया निवासी ग्राम बिरोड़ा, थाना व जिला अल्मोड़ा का रहने वाला है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक दिनेश सिंह परिहार, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार, कांस्टेबल सुन्दर लाल और कांस्टेबल सूरज कुमार शामिल रहे।

## गोविन्द पिलख्वाल को राज्य मंत्री दर्जा मिलने के बाद चंडीगढ में उत्तराखंड के लोग ने भव्य स्वागत

**अल्मोड़ा।** गोविन्द पिलख्वाल को उत्तराखण्ड सरकार में हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद का उपाध्यक्ष (दर्जा राज्य मंत्री) नियुक्त किए जाने पर उत्तराखंड के प्रवासीयो ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। गया कार्यक्रम के दौरान मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त की गई।चंडीगढ़ प्रवास के दौरान पंचकुला में 47 में प्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया इस अवसर पर दर्जा राज्यमंत्री उत्तराखण्ड गोविन्द सिंह पिलख्वाल के स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर श्री पिलख्वाल में एस आई आर के बारे में चर्चा की और वर्तमान समय में उत्तराखंड में एस आई आर चल रहा है सभी मतदाता इस अवश्य ध्यान दे। स्वागत कार्यक्रम में गोकुल सिंह नगरकोटी दीपक कार्की जगदीश मेहता कृष्णा पलियाल भूपेंद्र शर्मा दलीप सिंह चौहान वीर पाल सिंह नेगी मनोज सिंह रावत पान सिंह बिष्ट भगत सिंह रावत त्रिलोक सिंह नगरकोटी गोविंद पांडे पूरन पाण्डे गोविंद कोरंगा हीरा सिंह भंडारी बलवीर सिंह रावत मनोज रावत हरीश सिंह बोरा दीपक नेगी सुनिदत्त बिष्ट नंदी नगरकोटी मंजू नगरकोटी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं के लिए ऐतिहासिक पालीवाल

**अल्मोड़ा।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल है। यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त अधिकार प्रदान करते हुए उन्हें निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम पालीवाल ने कहा कि यह कानून न केवल महिलाओं की राजनीतिक



भागीदारी को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में भी उनकी भूमिका को मजबूती प्रदान करेगा। इससे देश की आधी आबादी को समान अवसर मिलेंगे और एक समावेशी एवं सशक्त भारत के निर्माण को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल महिलाओं के आत्मविश्वास, स्वावलंबन एवं नेतृत्व क्षमता को नई दिशा प्रदान करेगी।

# काठगोदाम गैस एजेंसी की व्यवस्था पर सवाल, सुधार की मांग तेज

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**हल्द्वानी ।** काठगोदाम स्थित इंडेन गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली और गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियों पर व्यापारी नेता एवं देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दह्नी ने जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात कर गंभीर सवाल उठाए।

उन्होंने बताया कि आम उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग, डिलीवरी और ष्ठष्ट प्रक्रिया में देरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे लोगों को भारी असुविधा हो रही है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए व्यापारी नेता को आश्वस्त किया कि पूरी व्यवस्था की निगरानी की जा रही है और सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं नैनीताल कार्यालय जाकर स्थिति की समीक्षा करेंगे।

इसी दौरान दलजीत सिंह दह्नी ने प्रबंधक कार्यालय में भी समस्याएं रखने का प्रयास किया, लेकिन उनके अनुपस्थित रहने पर सहायक प्रबंधक को स्थिति से अवगत कराया गया। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि बुकिंग व्यवस्था को शीघ्र सुधारा जाए तथा ष्ठष्ट का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे गैस आपूर्ति सुचारू हो सके।

उन्होंने सुझाव दिया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के लिए एक टोल-फ्री नंबर भी शुरू किया जाना चाहिए, ताकि लोग आसानी से अपनी समस्याएं दर्ज करा सकें।

व्यापारी नेता ने यह भी आरोप लगाया कि डिलीवरी कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं दी जाती और टालमटोल रवैया अपनाया जाता है, जिससे आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अपील की कि गैस वितरण व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए ताकि आम जनमानस को राहत मिल सके।

# फार्मेसी अधिकारियों ने किया चार धाम यात्रा ड्यूटी का विरोध

## दूसरे दिन भी काला फीता बांधकर जताया गया विरोध

**चंपावत।** अपनी लंबित मांगों और विभागीय उपेक्षा के खिलाफ डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन (राजकीय फार्मेसी सेवा संघ) का आंदोलन अब गति पकड़ने लगा है। कुमाऊं मंडल की घोषणा के समर्थन में चम्पावत जनपद के समस्त फार्मेसी अधिकारियों ने लगातार दूसरे दिन भी बांह पर काला फीता बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया।भत्तों का भुगतान न होने पर आक्रोश जताया है। प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेश जोशी ने बताया चारधाम यात्रा जैसे दुर्गम और महत्वपूर्ण ड्यूटी करने के बावजूद विभाग कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील नहीं है। फार्मेसी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कुमाऊं मंडल के फार्मेसी कर्मियों का लगभग 20 लाख रुपये का यात्रा भत्ता लंबे समय से अटका हुआ है। तो वही जिलाध्यक्ष विष्णु गिरी ने कहा है कि हम जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं, लेकिन हमारी बुनियादी सुविधाओं और हक की अनदेखी की जा रही है।

20 मार्च को हमने पत्र के माध्यम से विभाग को चेताया था, लेकिन प्रशासन



की चुप्पी ने हमें आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है। यदि समय रहते भुगतान और व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो हम यात्रा ड्यूटी का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।भत्ते के साथ-साथ यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य कर्मियों के रहने और खाने की खराब स्थिति भी विरोध का मुख्य कारण बनी हुई है। जिला मंत्री रोशन लाल ने कहा कि यात्रा मार्ग पर हमारे साथियों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। आवास और भोजन की व्यवस्था दयनीय है। अभी हम शांतिपूर्ण तरीके से काला फीता बांधकर काम कर रहे हैं ताकि मरीजों को दिक्कत न हो, लेकिन हमारी सहनशीलता को कमजोरी न समझा जाए। एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर एक चरणबद्ध रणनीति तैयार की है, जो मांगें न माने जाने पर और उग्र होगी।

एसोसिएशन ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि इस गतिरोध के कारण आम जनता को कोई भी असुविधा होती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और शासन की होगी। फिलहाल, जिले के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में फार्मेसी अधिकारी आक्रोश के साथ अपना कर्तव्य निभा रहे हैं।

विरोध प्रदर्शन करने में जिला चिकित्सालय के जिला फार्मेसी अधिकारी कैलाश चंद्र नैलवाल ,वरिष्ठ फार्मसी अधिकारी तानसिंह उपाध्यक्ष मनोज पुनेठा प्रमोद कुमार टनकपुर में वरिष्ठ फार्मेसी अधिकारी जगदीश कुंवर महेश भट्ट अनिल गड़कोटी संजय विश्वकर्मा लोहाघाट में वरिष्ठ फार्मेसी अधिकारी मुकुल राय ,किरन राय ,सुनीता पाटनी ,पाटी में प्रकाश सिंह खड़ायत एवम् जनपद के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में- वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश कनौजिया, मनोज कुमार आर्या ,भूपेश जोशी कु,लदीप मृत्युंजय वर्मा ,सुरेश पाटनी ,त्रिभुवन उप्रेती ,मनोज वर्मा ,दीपक गिरी ,नवीन गोस्वामी ,राजेश वर्मा ,गिरीश खर्कवाल ,सुरेंद्र गोस्वामी, मनोज टम्टा, प्रेम टम्टा ,प्रीतम लाल ,ममता विश्वकर्मा ,निर्मला ओली, ज्योतिश्री गहतोड़ी, प्रकाश भट्ट ,दीपा धामी ,शेखर सिंह सहित जनपद के सभी फार्मेसी अधिकारी रहे।

# औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों का किया औचक निरीक्षण

## अनियमितता मिलने पर तीन मेडिकल स्टोर्स पर लगाया क्रय-विक्रय प्रतिबंध



**बागेश्वर ( दिनेश नेगी )।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशों के क्रम में बुधवार को जनस्वास्थ्य संरक्षण तथा औषधियों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औषधि निरीक्षक पूजा रानी द्वारा गरुड़ एवं बैजनाथ स्थित औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन औचक निरीक्षण किया गया। टीम में पुलिस प्रशासन भी शामिल रहा। निरीक्षण के दौरान औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 तथा नियमावली, 1945 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट प्रावधानों के अनुरूप लाइसेंस शर्तों के अनुपालन, औषधियों के वैज्ञानिक भंडारण मानकों, एमटीपी किट का डाक्टर के वैध पर्चे पर विक्रय, नारकोटिक एवं साईकोट्रोपिक औषधियों का वैध डॉक्टर के पर्चे पर विक्रय, औषधियों की आपूर्ति एवं वितरण प्रणाली तथा अभिलेख प्रबंधन प्रणाली का विस्तृत एवं तकनीकी सत्यापन किया गया। निरीक्षण के क्रम में तीन औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाई गईं, जिनमें विशेष रूप से सीसीटीवी सक्रिय नही होना एवं फर्म द्वारा रिकॉर्डिंग का सत्यापन न करवाये जाना, क्रय विक्रय से सम्बन्धी अभिलेखों का मौके पर सत्यापन न करवाना, दवाओं का उचित तापमान पर भंडारण न करते हुई पाए जाना तथा मेडिकल स्टोर में उचित साफ सफाई न पाए जाना रहा।

सम्बन्धित मेडिकल स्टोरों द्वारा लाइसेंस की अनिवार्य शर्तों का उल्लंघन एवं निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन न किया जाने तथा भंडारण एवं वितरण में गुणवत्ता आश्वासन मानकों की उपेक्षा उक्त अनियमितताओं के परिप्रेक्ष्य में, जनस्वास्थ्य हित में जोखिम न्यूनीकरण के उद्देश्य से संबंधित तीनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से औषधियों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध अधिरोपित किया गया है। यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक संबंधित फर्म स्वामियों द्वारा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष संतोषजनक स्पष्टीकरण एवं विधिसम्मत अनुपालन प्रस्तुत नहीं किया जाता। संदेह के आधार पर आठ औषधियो का नमूने भी लिए गई एवं उन्हें जांच हेतु औषधि विश्लेषणशाला भेजा गया। औषधि निरीक्षक ने कहा कि औषधियों के विनिर्माण, भंडारण, वितरण एवं विक्रय में स्थापित वैज्ञानिक एवं विनियामक मानकों का अनुपालन अनिवार्य है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या उल्लंघन की स्थिति में कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी, जिससे जनस्वास्थ्य की सर्वोच्च सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर एडीएम सख्त, वर्चुअल बैठक में दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



**उत्तरकाशी।** अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र ने सीएम हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री जन समर्पण पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शिकायतों की स्थिति, निस्तारण की गुणवत्ता तथा लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने उन विभागों को कड़े निर्देश दिए, जिनकी शिकायतें एल-1 और एल-2 स्तर पर अधिक संख्या में लंबित पाई गईं। उन्होंने कहा कि ऐसे विभाग त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें और भविष्य में अनावश्यक विलंब न होने दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे दोनों पोर्टलों की नियमित मॉनिटरिंग स्वयं करें तथा प्रत्येक शिकायत की अद्यतन स्थिति समय पर दर्ज करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी शिकायतों का समाधान तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि सीएम हेल्पलाइन पर एल-1 स्तर पर 361 और एल-2 स्तर पर 58 शिकायतें लंबित हैं, जबकि मुख्यमंत्री जन समर्पण पोर्टल पर 17 शिकायतें लंबित हैं। अपर जिलाधिकारी ने इन सभी शिकायतों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

# अग्निशमन सप्ताह पर फायर ब्रिगेड ने चलाया अग्नि- सुरक्षा एवं जन-जागरूकता अभियान



**बागेश्वर ( गोविन्द मेहता )।** प्रभारी अग्निशमन अधिकारी दिनेश चंद्र पाठक के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों द्वारा अग्निशमन सप्ताह पर जिला अस्पताल, बनखोला , विभिन्न क्लीनिक, आयुर्वेदिक हॉस्पिटल सैंज नियर फायर स्टेशन, पशु चिकित्सालय बिलौना, और मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय बिलोना में अग्निशमन जन- जागरूकता अभियान के तहत मौजूद समस्त स्टॉफ को विभिन्न प्रकार के अग्नि सम्बन्धी घटनाओं में विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर के प्रयोग एवं उनके संचालन तथा रख-रखाव के सम्बन्ध में जानकारी दी गई और अग्नि-सुरक्षा के पंपलेट वितरित किए गए। फायर सर्विस टीम द्वारा जागरूकता अभियान में लोगों को कभी भी किसी प्रकार से कोई आग लगने से होने वाली घटनाओं के समय धैर्य और सावधानी बरतते हुए घबराने के बजाय आग लगते समय तत्काल प्राथमिक बचाव के तरीकों को अपनाने, साथ ही अग्नि सुरक्षा उपकरणों की मदद से आगको भयावह होने से रोकने का प्रयास करने की अपील की। वही जागरूकता हेतु सुरक्षित कृत्रिम रूप से आग लगकर अग्निशमन कार्य शैली का डेमो दिया गया।

# भव्यता से मनाया गया वार्षिकोत्सव

## दर्जा राज्य मंत्री ने किया शुभारंभ, हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



**गरुण ( दिनेश नेगी )।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट व नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा और चन्द्र शेखर पांडे द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर रचनात्मकता, नवाचार और शोध की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना रहा। अतिथियों ने शिक्षा के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मंच पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिनमें मुख्य आकर्षण नृत्य एवं गायन,एकल व समूह नृत्य और गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां रही। अभिनय में एकल अभिनय और सामाजिक जागरूकता पर आधारित नाटक व एकांकी ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया।

बौद्धिक प्रतियोगिता में आशु ने भाषण के माध्यम से छात्रों ने अपनी वाकपटुता का परिचय दिया।परिधान प्रतियोगिता में पारंपरिक और आधुनिक वेशभूषा के संगम ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। आयोजन समिति का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएन तिवारी ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया और महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन और संयोजन में कार्यक्रम संयोजक डॉ. अवधेश तिवारी,सह-संयोजक डॉ. रेखा कुमारी विशेष सहयोग दिया।साथ ही छात्र संघ पदाधिकारी एवं छात्रों ने आयोजन को भव्य बनाने में विशेष सहयोग दिया।मुख्य अतिथि दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उनमें सामाजिक चेतना और शोध के प्रति रुचि भी जागृत होती है।महाविद्यालय में वर्तमान में 510 छात्र संख्या नौ विषय प्रोफेसर तथा आर्ट के नौ विषय हैं। प्राचार्य ने विज्ञान विषय की माँग करते हुए मुख्य अतिथि से विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम को स्वीकृति प्रदान कराने की मांग की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस नरेंद्र बिष्ट, डी के जोशी, शोभन सिंह पिमोली, कैलाश पवार, एस पी सिंह, महेंद्र रावत, राजू नेगी, चंद्र शेखर पांडे,छात्र संघ अध्यक्ष दर्शन र्श्वाण,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित



**उत्तरकाशी ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के मार्गदर्शन में राजकीय इंटर कॉलेज कमंद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार ने उपस्थित लोगों को विभिन्न कानूनों एवं योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं, मानव तस्करी के पीड़ितों तथा असंगठित श्रमिकों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत करने संबंधी नालसा योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विधिक सहायता क्लीनिकों, पैनल वकीलों तथा पराविधिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को सक्रिय कानूनी सहायता प्रदान की जाती है, जिससे आम नागरिकों को न्याय प्राप्त करने में सुविधा मिलती है। इसके साथ ही दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत में दहेज लेना, देना या मांगना कानूनन अपराध है। इस अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर पांच वर्ष तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इस जागरूकता शिविर में सचिव सचिन कुमार, रिटेनर अधिवक्ता, कार्यालय कर्मचारी, पराविधिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा से पहले डीएम प्रशांत आर्य का गंगोत्री धाम निरीक्षण



**उत्तरकाशी।** 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने गुरुवार को गंगोत्री धाम का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग से लेकर धाम परिसर तक चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सीमा सड़क संगठन सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। धाम परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने और कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम को नियमित रूप से संचालित रखने को कहा।

जिलाधिकारी ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात कर पूजा-अर्चना और आरती के समय निर्धारण की जानकारी ली। उन्होंने श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित तरीके से दर्शन कराने तथा भीड़ प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने धाम परिसर में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि यात्रा व्यवस्थाएं पूरी तरह चाक-चौबंद रह सकें।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सहज और सुव्यवस्थित यात्रा अनुभव प्रदान करना है। इसके लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है तथा स्वास्थ्य सेवाओं और यातायात प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर डीडीएमओ शार्दूल गुस्साई सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 70 अभ्यर्थियों का चयन



**उत्तरकाशी।** जिला सेवायोजन विभाग के तत्वाधान में मै.परिश्रम रिसोर्ससेज प्रा.लि. गुड़गांव के सहयोग से जिला सेवायोजन कार्यालय के प्रागंण में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 75 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिनमें कुल 70 को शॉर्टलिस्ट के उपरान्त सभी का चयन कम्पनी द्वारा किया गया।

# चारधाम यात्रा-2026: पुलिस की तैयारियां पूरी, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**उत्तरकाशी।** 19 अप्रैल 2026 से शुरू हो रही चारधाम यात्रा को लेकर उत्तरकाशी पुलिस ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। श्री यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने बताया कि चारधाम यात्रा-2026 के लिए 'सुरक्षा, सुविधा एवं सम्मान' को मुख्य ध्येय बनाया गया है। इसी के अनुरूप पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है और सभी जवानों को ब्रीफिंग के बाद उनके ड्यूटी स्थलों पर रवाना किया जा चुका है। यात्रा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए गंगोत्री और यमुनोत्री धाम को 2 सुपरजोन, 12 जोन और 30 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक क्षेत्र में सुपरजोनल, जोनल एवं सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। यात्रा मार्गों पर 6 थाने, 9 पुलिस चौकियां, 1 वाच एंड वार्ड और 13 सीजनल चौकियां स्थापित की गई हैं। इसके अलावा 12 टूरिस्ट पुलिस केंद्र और 2 बायोमैट्रिक केंद्र भी बनाए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर दोनों धामों में क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) तैनात की गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए 38 मोटरसाइकिलों के साथ पेट्रोलिंग, 2 इंटरसेप्टर, 4 हाईवे पेट्रोल यूनिट, 2 क्रेन तथा 146 बैरियर लगाए गए हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दोनों धामों में डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) भी स्थापित किए गए हैं। चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में 2 अपर पुलिस अधीक्षक, 5 राजपत्रित अधिकारी, 15 निरीक्षक, 135 उपनिरीक्षक, 150 हेड कांस्टेबल, 250 कांस्टेबल, 140 होमगार्ड, 500 पीआरडी जवानों सहित पीएसी, एटीएस, बीडीएस, एसडीआरएफ, फायर सर्विस और सीपीयू की टीमें तैनात रहेंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही एक दिग्दर्शिका और क्यूआर कोड भी जारी किया गया है, जिसमें अस्पताल, पेट्रोल पंप, एटीएम और अन्य आवश्यक जानकारी उपलब्ध है। संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करते हुए यात्रा मार्ग पर 13 बॉटलनेक प्वाइंट, 26 भूस्खलन क्षेत्र, 36 दुर्घटना संभावित स्थल और 4 ब्लैक स्पॉट निर्धारित किए गए हैं। इन स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और आपदा टीमें तैनात की गई हैं। पुलिस द्वारा सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 7455939993 जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित और सहज यात्रा अनुभव प्रदान करना है।

# जन आशीर्वाद यात्रा को मिल रहा जनसमर्थन, बदलाव का संकेत: रमोला



**लंबगांव।** प्रतापनगर क्षेत्र में पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला की जन आशीर्वाद यात्रा लगातार जनसमर्थन बटोर रही है। यात्रा भदूरा पट्टी के सौड़, कुड़ी, ओनालगांव, पोखरियालगांव, रौणिया, क्यारी, सुजड़गांव, जिबाला होते हुए बौंसाड़ी पहुंची, जहां ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

ग्रामीणों ने इस यात्रा को परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए अपना समर्थन व्यक्त किया। पिछले दो माह से विधानसभा प्रतापनगर के विभिन्न गांवों में पहुंच रही इस यात्रा के दौरान प्रदीप रमोला घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदीप रमोला ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि नए विश्वास, नई उम्मीद और नई किरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान जनता से मिल रहे स्नेह और समर्थन से स्पष्ट है कि अब क्षेत्र में बदलाव का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि वे केवल वादे करने नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही यात्रा के दौरान क्षेत्र की छोटी-बड़ी जन समस्याओं को चिन्हित किया जा रहा है, ताकि भविष्य में उनके समाधान के साथ विकास की नई संभावनाओं को साकार किया जा सके। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रवीण व्यास, ग्राम प्रधान जयवीर सजवाण, नीलकंठ व्यास, रमेश सिंह, त्रिलोक रावत, भागेश कंडियाल, संजय चंद, महेश सिंह, अक्षित रावत, विपिन सिंह, प्रमोद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बड़कोट में दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ



**उत्तरकाशी/बड़कोट।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का शुभारंभ बड़कोट स्थित एक होटल में विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश मंत्री सतीश लखेड़ा, जिला प्रभारी नवीन ठाकुर, जिला सह प्रभारी विनोद रतूड़ी एवं जिला अध्यक्ष नागेंद्र चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने भाजपा की वैचारिक पृष्ठभूमि, संगठनात्मक ढांचे और राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा के आधार पर जनता के बीच कार्य करते हुए सत्ता प्राप्त करती है और संगठन की मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की चुनौतियों को समझने और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। यह प्रशिक्षण अभियान भारतीय जनता पार्टी की एक राष्ट्रव्यापी सांगठनिक पहल है, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, 'एकात्म मानववाद' तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है। अभियान के तहत मंडल एवं जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने, सोशल मीडिया के सही उपयोग तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से तकनीकी रूप से सक्षम बनाने का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की क्षमतावृद्धि तथा संगठनात्मक विस्तार पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी के पास कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कार्यकारिणी, कार्यालय और समर्पण के साथ-साथ संगठनात्मक संसाधनों की मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी पहचान है इस अवसर पर पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण, पूर्व जिला अध्यक्ष, विभिन्न जिला पदाधिकारी, सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, महामंत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 70 छात्रों को आपदा प्रबंधन व सीपीआर प्रशिक्षण

**उत्तरकाशी।** रामचंद्र उनियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय कार्मिकों सहित कुल 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र के निर्देशों के अनुपालन में तथा आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल गुंसाई की रूपरेखा के अनुसार आयोजित इस प्रशिक्षण में प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), सीपीआर तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधिकारी डॉ. आस्था नेगी ने प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार और सीपीआर की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी विस्तार से दी। वहीं, मास्टर ट्रेनर मस्तान भण्डारी ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. पंकज पंत, महाविद्यालय प्रभारी आपदा प्रकोष्ठ डॉ. सुनीता रावत भण्डारी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुमिता पंवार सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# सीडीएस जनरल अनिल चौहान का हर्षिल दौरा, सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और संस्कृति संरक्षण पर जोर



**उत्तरकाशी।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्र हर्षिल का दौरा किया। हर्षिल पहुंचने पर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने उनका औपचारिक स्वागत किया और क्षेत्र की प्रशासनिक गतिविधियों एवं विकास योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरे के दौरान सीडीएस ने हर्षिल सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र की आधारशिला रखी। यह केंद्र क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, गढ़वाल क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास के प्रदर्शन तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है। अपने दौरे में सीडीएस ने वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत आने वाले गांवों के निवासियों से संवाद किया और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदाय राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हर्षिल में तैनात सैनिकों से बातचीत के दौरान उन्होंने दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और कठोर मौसम में भी उनके समर्पण, पेशेवर क्षमता और उच्च स्तरीय परिचालन तत्परता की प्रशंसा की। इसके अलावा, सीडीएस ने बगोरी गांव का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की तथा सीमावर्ती गांवों की जीवंतता बनाए रखने में उनके योगदान को सराहा। उन्होंने मुखवा गांव में मुखवा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया और क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने के लिए स्थानीय समुदाय की भूमिका की सराहना की। यह दौरा सीमावर्ती क्षेत्रों में समेकित विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और नागरिक-सैन्य संबंधों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# जल पुलिस की तत्परता से बची तीन जिंदगियां, शारदा घाट पर एक ही दिन में तीन श्रद्धालु डूबने से बचाए गए



**टनकपुर।** शारदा घाट में स्नान कर रहे श्रद्धालुओं के लिए जल पुलिस देवदूत साबित हुई। एक ही दिन में अलग-अलग समय पर डूब रहे तीन श्रद्धालुओं को जल पुलिस की टीम ने समय रहते बचाकर उनकी जान बचाई। जानकारी के अनुसार माँ पूर्णागिरि धाम के दर्शन हेतु आए उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु शारदा घाट में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गहरे पानी में पैर फिसलने से कुछ श्रद्धालु डूबने लगे। मौके पर मौजूद जल पुलिस और गोताखोरों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताया गया कि एक ही दिन में अलग-अलग घटनाओं में तीन श्रद्धालु डूबने की स्थिति में आ गए थे, जिन्हें समय रहते बचा लिया गया। बचाए गए श्रद्धालुओं में दक्ष (पुत्र नीरज, बदायूं), पल्लवी (पुत्री बलराम) और विपिन (पुत्री विपिन, शाहजहांपुर) उत्तर प्रदेश के निवासी बताए गए हैं। जल पुलिस गोताखोर टीम में रविंद्र कुमार पहलवान, राकेश गिरी, पीआरडी सूरज शर्मा, मुकेश राणा, दीपचंद, जावेद खान, कपूर राणा, मुकेश सिंह और सतीश राणा सहित अन्य जवान शामिल रहे, जिन्होंने त्वरित कार्रवाई कर बड़ी अनहोनी को टाल दिया।

# शोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय अल्मोड़ा में कार्यरत कार्मिकों की बैठक संपन्न

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड विश्व विद्यालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियो द्वारा शोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय अल्मोडा में कार्यरत कार्मिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु एसएसजे परिसर अल्मोडा के संगठन के पदाधिकारियो और कार्मिकों के साथ एक बैठक की गई। इस बैठक में कार्मिकों के द्वारा महासंघ के पदाधिकारियो को समस्याओं से अवगत कराया गया। संघ के पदाधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ देवेंद्र सिंह बिष्ट और खुलवाने के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के परिसरों एवं प्रशासनिक भवन में कार्यरत कार्मिकों को राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना का लाभ देने के संबंध में चर्चा की गई। कार्मिकों की डीपीसी के संबंध में भी विस्तार पूर्व चर्चा की गई। कुलसचिव द्वारा सकारात्मक कार्यवाहि किए जाने का आश्वासन दिया गया। पदाधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी से मुलाकात की वित्त अधिकारी से कार्मिकों की समस्याओं के मांग के संबंध में चर्चा की गई। अंत में संगठन के पदाधिकारियों विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.पी.एस. बिष्ट से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक में महासंघ के अध्यक्ष डॉक्टर लक्ष्मण सिंह रौतेला, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह पोखरिया, उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह धमी, संगठन के पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह राणा , जयवीर सिंह नेगी, हेमचंद पांडे, कैलाश छिमवाल, प्रकाश सती आदि उपस्थित रहे।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में 24 घंटे का राष्ट्रीय हैकाथॉन वाच द कोर्ड 18 से




**हल्द्वानी।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी हल्द्वानी परिसर में 18 और 19 अप्रैल को 24 घंटे का राष्ट्रीय स्तर का हैकाथॉन वाच द कोर्ड 18 अप्रैल से आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन टेक गीक क्लब द्वारा किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देशभर के युवाओं को तकनीकी नवाचार और समस्या समाधान के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है।

इस हैकाथॉन में देश के 25 से अधिक विश्वविद्यालयों एवं तकनीकी संस्थानों के छात्र भाग लेंगे। प्रतिभागियों को वास्तविक जीवन की समस्याओं पर आधारित डिजिटल समाधान विकसित करने का अवसर मिलेगा।

प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए ड़1 लाख की नकद पुरस्कार राशि के साथ-साथ एडवांस्ड कोर्स सब्सक्रिप्शन और फ्री डोमेन होस्टिंग जैसे पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों का मूल्यांकनसंस्थानों से जुड़े विशेषज्ञ करेंगे।

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी हल्द्वानी परिसर के निदेशक डॉ. एम.सी. लोहानी ने बताया कि यह हैकाथॉन केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि छात्रों की रचनात्मकता और तकनीकी क्षमता को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है।

कार्यक्रम का समन्वय डॉ. मनीषा कोरंगा और कमलेश पड़ालिया द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, 24 घंटे तक चलने वाले इस हैकाथॉन में प्रतिभागियों की समस्या समाधान क्षमता, धैर्य और तकनीकी कौशल का परीक्षण होगा। यह आयोजन उत्तराखंड में तकनीकी नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें उद्योग जगत के विशेषज्ञों से संवाद का अवसर भी मिलेगा।

## बसंत भट्ट को मेयर कल्पना देवलाल ने किया सम्मानित



**पिथौरागढ़।** हिमालय मस्तक फाउंडेशन के अध्यक्ष, समाजसेवी, राज्य आंदोलनकारी व वरिष्ठ पत्रकार गुरना निवासी बसन्त भट्ट को उनके जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर सामाजिक कार्यों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए महापौर कल्पना देवलाल ने सम्मानित किया। नगर निगम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मेयर कल्पना देवलाल ने सम्मान स्वरूप उन्हें अंग वस्त्र और पौधा भेंट किया। मेयर कल्पना देवलाल ने कहा कि बसंत भट्ट हिमालय मस्तक फाउंडेशन के माध्यम से जनपद में कई सामाजिक और जनहित के कार्य कर रहे हैं। नगर निगम उनके कार्यों की सराहना करता है। हम उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं। इस दौरान हिमालय मस्तक फाउंडेशन द्वारा पिथौरागड़ में किए जा रहे सामाजिक कार्यों को लेकर सार्थक चर्चा हुई। मेयर कल्पना देवलाल ने कहा कि बसंत भट्ट और हिमालय मस्तक फाउंडेशन द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों में नगर निगम पिथौरागड़ हर संभव सहायता प्रदान करेगा। बसंत भट्ट ने मेयर कल्पना देवलाल और नगर निगम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पार्षद कमलेश जोशी एवं मयूर नागी भी मौजूद थे।

# सीएमओ ने उप जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण



## चादरें रोज न बदलने पर जताई नाराजगी

**लोहाघाट।** सीएमओ चंपावत डॉक्टर देवेश चौहान ने गुरुवार को लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ चौहान के द्वारा वार्ड, अल्ट्रासाउंड कक्ष, फार्मेसी ,शौचालय इंजेक्शन रूम आदि का निरीक्षण किया।

इस दौरान सीएमओ चंपावत के द्वारा वार्ड में बेड़ो की चादरो को निर्धारित दिन के हिसाब से न बदलने पर गहरी नाराजगी जताते हुए ड्यूटी अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए मानको के हिसाब से रोज चादरे बदलने के निर्देश दिए तथा प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को अस्पताल में स्वच्छता बनाए रखने तथा बाहर से दवा ना लिखने तथा अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड में उपचार करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान सीएमओ चंपावत के द्वारा मरीज को दी जा रही दवाओं की जांच भी की। तथा मरीजों से उनका हाल-चाल जानकर अस्पताल में मिल रहे उपचार के बारे में भी जानकारी ली । सीएमओ चंपावत डॉक्टर देवेश चौहान ने कहा अस्पताल की व्यवस्था का जायजा लिया गया जो संतोष जनक पाई गई तथा जो कुछ कमियां है उन्हें जल्द दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय को 100 बेड़ों में तब्दील करने के लिए शासन को पत्राचार किया गया है। जिलाधिकारी के सौजन्य से अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर का भी निर्माण कार्य चल रहा है। तथा अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं लगातार दी जा रही हैं। जिन चिकित्सकों की अस्पताल में कमी है उन्हें लाने के प्रयास भी जारी हैं। उन्होंने कहा उनका पूरा प्रयास है अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले।

## हॉटस्टार ऑटो-पेमेंट बंद कराने के प्रयास में युवक से दो लाख की ठगी

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** उधम सिंह नगर जिले के सितारगंज में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है, जिसमें एक युवक के बैंक खातों से करीब दो लाख रुपये निकाल लिए गए। ठगी की यह घटना 'हॉटस्टार' ऐप का ऑटो-पेमेंट बंद कराने के प्रयास के दौरान हुई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भरौनी निवासी पूरन सिंह के मोबाइल फोन में 'हॉटस्टार' ऐप का ऑटो-पेमेंट सक्रिय हो गया था, जिसे वह बंद कराना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने पहले जियो कस्टमर केयर से संपर्क किया, जहां से उन्हें संबंधित सेवा प्रदाता से बात करने की सलाह दी गई। इसके बाद पूरन सिंह ने इंटरनेट पर उपलब्ध एक नंबर पर संपर्क किया, जो बाद में साइबर ठग का निकला। बताया जा रहा है कि कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को कस्टमर केयर प्रतिनिधि बताते हुए पूरन सिंह को भरोसे में लिया और ऑटो-पेमेंट बंद कराने के साथ ही कटे हुए पैसे वापस दिलाने का आश्वासन दिया। इसके लिए उसने पूरन सिंह को एक स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करने को कहा। जैसे ही उक्त ऐप इंस्टॉल किया गया, ठग ने मोबाइल फोन का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया और कुछ ही समय में पूरन सिंह के दो अलग-अलग बैंक खातों से चार चरणों में कुल दो लाख रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर पैसे कटने के संदेश प्राप्त होने पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की सहायता से मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गीता, गंगाजल और हनुमान चालीसा लेकर घर-घर जाएंगे हरीश पनेरु



**हल्द्वानी।** प्रमुख राज्य आंदोलनकारी और पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु नशे के खिलाफ भीमताल विधानसभा में नया और अनोखा अभियान चलाने जा रहे हैं शुक्रवार को उन्होंने हल्द्वानी में प्रेस वार्ता करते हुए यह जानकारी दी की भीमताल विधानसभा में चारों तरफ नसे और अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है और विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा नशे का और शराब का प्रयोग कर चुनाव लड़ा जाता है।

इसलिए इस बार 2027 के विधानसभा चुनाव में वह भीमताल विधानसभा में नशे के खिलाफ जनता को जागरूक करने और बिना नशे के विधानसभा चुनाव किए जाने को लेकर अभियान शुरू कर रहे हैं। हरीश पनेरु ने बताया कि वह भीमताल विधानसभा में हर घर में गंगाजल भागवत गीता और हनुमान चालीसा लेकर जाएंगे और लोगों से निवेदन करेंगे की शराब के इस्तेमाल का चुनाव में प्रयोग बंद करने के लिए लोगों को जागरूक होना चाहिए क्योंकि शराब के सेवन से सैकड़ो घर बर्बाद हो गए हजारों लोग बीमार रहते हैं। यही नहीं हरीश पनेरु ने कहा कि वह प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक प्रत्येक नेता को गंगाजल गीता और हनुमान चालीसा भेंट कर निवेदन करेंगे कि चुनाव से शराब वाली प्रथा को खत्म किया जाना चाहिए।

## पूर्व विधायक फर्त्याल ने बन मंत्री से की मुलाकात

**लोहाघाट।** 15 अप्रैल को जिले के बाराकोट ब्लॉक के मऊ गांव में 17 वर्षीय छात्रा को गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। छात्रा का हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। फिलहाल छात्रा खतरे से बाहर है। मामले की गंभीरता व छात्रा के परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पूर्व भाजपा विधायक पूरन सिंह फर्त्याल ने प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल से उनके आवास में जाकर मुलाकात की। पूर्व विधायक फर्त्याल ने बन मंत्री को घटना की जानकारी देते हुए विभाग की ओर से पीड़ित परिवार की हर संभव मदद व घायल छात्रा का उपचार विभाग की ओर से कराने की मांग की। पूर्व विधायक फर्त्याल ने बताया बन मंत्री उनियाल के द्वारा मामले को काफी गंभीरता से लिया गया है। तथा वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर घायल छात्रा की स्थिति जानने तथा विभागीय मदद तत्काल पहुंचाने के निर्देश दिए। पूर्व विधायक फर्त्याल ने कहा बन मंत्री के द्वारा पूर्ण आश्वासन दिया गया है कि छात्रा का समुचित उपचार विभाग की ओर से किया जाएगा तथा विभाग की ओर से जो भी सहायता दी जाती है पीड़ित परिवार को दी जाएगी। पूर्व विधायक ने बताया वन मंत्री के द्वारा डीएफओ को गुलदार प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा मुहैया कराने तथा जल्द से जल्द गुलदार को पकड़ने के निर्देश दिए है। पूर्व विधायक फर्त्याल ने कहा बन मंत्री के द्वारा मामले का गंभीरता से संज्ञान लेने के लिए वह उनको धन्यवाद देते है। कहा पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।



# सरकार की योजनाओं का सीमांत क्षेत्रों को नहीं मिल रहा लाभ

## सरकार की योजनाओं का लाभ न मिलने के कारण सीमांत क्षेत्र में भाजपा का हो रहा है विरोध

- क्षेत्र में भाजपा नेताओं को जनता व विपक्ष के विरोध का करना पड़ रहा सामना।
- 2027 में पार्टी को हो सकता है बड़ा नुकसान:प्रवीन पांडे
- क्षेत्रीय विधायक पर भी लगाए सीमांत क्षेत्र की सुध न लेने के गंभीर आरोप

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**लोहाघाट।** भाजपा नेता व नीति अनुसंधान प्रदेश सह संयोजक भाजपा किसान मोर्चा उत्तराखंड प्रवीन पांडे ने लोहाघाट ब्लॉक के सीमांत गांवो में सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने व विकास से वंचित रखने के आरोप अपनी ही पार्टी पर लगा दिए हैं। भाजपा नेता प्रवीन पांडे ने कहा मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश और चंपावत जिले में कई विकास कार्य चल रहे हैं पर लोहाघाट ब्लॉक के सीमांत क्षेत्रों को इन विकास कार्यों से पूरी तरह वंचित रखा गया है



जबकि पीएम मोदी के द्वारा सीमांत क्षेत्र को विकसित करने के निर्देश दिए गए। पांडे ने कहा लेटी डूंगरा व उसके आसपास का क्षेत्र आज भी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है । सरकारी योजनाओं का लाभ तक इन सीमांत गांवो को नहीं मिल रहा है। पांडे ने कहा लेटी डूंगरा में जल जीवन मिशन का कोई अता पता नहीं है लंबे समय से योजना क्षतिग्रस्त होने के कारण महिलाएं दो से तीन किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर है उन्होंने कहा गर्मियों में इस बार ग्रामीणों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने बताया जूनियर हाई स्कूल का उच्चीकरण न होने के कारण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को 15 किलोमीटर दूर मडलक इंटर कॉलेज जाना पड़ता है। आर्थिक अभाव के चलते कई छात्र छात्राएं पढ़ाई तक छोड़ चुके हैं सीमांत क्षेत्र की सड़के बदहाल हालत में पड़ी है। पांडे ने बताया कई बार जिलाधिकारी के माध्यम से तथा खुद उनके द्वारा समस्या के समाधान की मांग की गई कई पत्र लिखे गए पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। पांडे ने कहा सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने तथा क्षेत्र में विकास कार्य न होने के कारण क्षेत्र वासियों का भाजपा से मोह भंग होते जा रहा है ।उन्होंने कहा अगर यही हाल रहा तो 2027 चुनाव में पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। पांडे ने कहा भाजपा की सरकार होने के बावजूद उन लोगों को आज जनता व विपक्ष के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है तथा कई बातें उन्हें सुननी पड़ती है। जिसका उनके पास कोई जवाब नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से लोहाघाट ब्लॉक के सीमांत क्षेत्रों में सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ देने पेयजल समस्या का समाधान करने तथा विद्यालय के उच्चीकरण की मांग की है। पांडे ने लोहाघाट विधायक पर भी क्षेत्र की और ध्यान न देने के गंभीर आरोप लगाए उन्होंने कहा इन चार सालों में लोहाघाट विधायक के द्वारा सीमांत क्षेत्र की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा विधायक निधि से भी अनुसूचित जाति को दी जाने वाली निधि तक नहीं दी गई ना ही उनके द्वारा कभी लेटी डूंगरा क्षेत्र का दौरा किया गया। पांडे ने कहा भाजपा में होते हुए भी विकास कार्य न होने के कारण उन्हें जनता व विपक्ष के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। कहा 2027 चुनाव नजदीक है अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो चुनाव में पार्टी को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कुल मिलाकर भाजपा नेता के द्वारा अपनी ही पार्टी में क्षेत्र की उपेक्षा करने के गंभीर आरोप लगाए गए है जो एक गंभीर मामला है और आरोप कई हद तक सच भी है क्योंकि सीमांत क्षेत्र आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। जो पलायन का एक बड़ा कारण बन चुका है। अब देखना है सरकार व प्रशासन कब इन सीमांत क्षेत्र वासियों की सुध लेता है।

## सीएमओ ने किया अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण

**लोहाघाट।** ज़िला अधिकारी चंपावत के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेश चौहान एवं उप जिलाधिकारी लोहाघाट नीतू डांगर के द्वारा लोहाघाट क्षेत्र के एक निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र व राजकीय पशु चिकित्सालय में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा फॉर्म एफ, ओपीडी पंजिका, मशीन क्रय के दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया गया। अभिलेखों के मिलान में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर चौहान ने कहा कि जनपद में समय-समय पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों एवं चिकित्सालयों के निरीक्षण किये जाते रहेंगे अतः सभी के द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी दशा में भ्रूण का लिंग परीक्षण एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे कृत्य ना हों। उन्होंने जनता से अपील की कि भ्रूण का लिंग परीक्षण ना कराएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी अस्पताल में इस प्रकार के कृत्य किए जाते हैं तो जनता द्वारा इसकी सूचना सीधे उन्हें दी जा सकती है।

# भाकियू ने सब्जी मंडी खोलने की मंडी परिषद अध्यक्ष व डीएम से की मांग

### किसानों को नहीं मिल पा रहा उनकी उपज का उचित मूल्य बिचौलिए कर रहे हैं शोषणः नवीन

**लोहाघाट।** भारतीय किसान यूनियन (भानू)चंपावत ने लोहाघाट मे सब्जी मंडी खोलने की मांग मंडी परिषद अध्यक्ष व जिलाधिकारी चंपावत से की । भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष नवीन करायत व संगठन पदाधिकारियो ने सब्जी मंडी खोलने की मांग को लेकर मंडी परिषद अध्यक्ष उत्तराखंड व जिला अधिकारी को मांग पत्र भेजा है। किसान नेताओं ने कहा चंपावत और लोहाघाट क्षेत्र में बड़ी मात्रा में किसान आलू ,अदरक ,टमाटर,हरी मिर्च व अन्य सब्जियों को बड़ी तादाद में उगाते हैं। इसके अलावा माल्टा ,नींबू ,संतरा के साथ-साथ घाटी वाले क्षेत्रों में आम की पैदावार बहुतायत में होती है।

किसान नेताओं ने कहा पर सब्जी मंडी ना होने के कारण किसानों को उनकी उपज का मूल्य नहीं मिल पाया जिस कारण किसान बिचौलियों को ओने पोने दामों में अपने उत्पाद बेचने को मजबूर है। जिसके चलते किसानों का कृषि कार्य से मोह भंग होते जा रहा है। किसान नेताओं ने कहा अगर लोहाघाट क्षेत्र में सब्जी मंडी खुलती है तो किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल पाएगा । जिससे किसानों का हौसला बढ़ने के साथ-साथ उनकी आर्थिक में भी सुधार होगा तथा किसान दुगने जोश से कृषि कार्य करेंगे। किसान नेताओं ने कहा लोहाघाट नगर में पालिका के द्वारा बनाई गई सब्जी मंडी निष्प्रयोजन पड़ी हुई। बनाई गई दुकाने टूटने की कगार में पहुंच चुकी है। उन्होंने मंडी परिषद अध्यक्ष उत्तराखंड तथा जिलाधिकारी चंपावत से किसानों के हित को देखते हुए लोहाघाट नगर में सब्जी मंडी व कोल्ड स्टोरेज खोलने की मांग की है। कहा पर्वतीय क्षेत्र का किसान कड़ी मेहनत से खेती करता है पर उनके उत्पादों को उचित दाम नहीं मिल पाए जिस कारण लोहाघाट में सब्जी मंडी खोलना अनिवार्य है ।मांग करने में किसान संगठन उपाध्यक्ष राजकिशोर शाह, कोषाध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे, संगठन मंत्री गंगादत्त जोशी, दीपक शाह चंद्रशेखर जोशी, प्रकाश राम, गोपाल दत्त पुनेठा सहित कई किसान शामिल रहे।

## 20 को सांसद अजय टम्टा की अध्यक्षता में होगी 'दिशा' समिति की बैठक

**चंपावत।** जनपद में विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा एवं जनहित से जुड़े कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आगामी 20 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री तथा अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय टम्टा करेंगे ।जिला कार्यालय सभागार में अपरान्ह 01ः30 बजे से प्रारंभ होने वाली इस बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार गहन समीक्षा की जाएगी। साथ ही योजनाओं की वर्तमान प्रगति, भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धियों, तथा क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती ने बैठक की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि वे बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित हों तथा अपने-अपने विभागों की अद्यतन एवं तथ्यपरक रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।उन्होंने विशेष रूप से कहा कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों एवं जारी कार्यवृत्त का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा उसकी विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट भी साथ लाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, सभी अधिकारियों को समय से बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अपने विभाग से संबंधित बिंदुओं पर स्पष्ट, सुसंगत एवं प्रमाणिक जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी कहा कि 'दिशा' समिति की बैठक जनपद के समग्र विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, जिससे जनहितकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से आमजन तक पहुंचाया जा सके।

# गुलदार प्रभावित मऊ में वन विभाग में लगाया पिजड़ा

### गुलदार के डर से कई बच्चे नहीं पहुंचे स्कूल

**लोहाघाट।** आज चंपावत वन प्रभाग के अंतर्गत मऊ ग्राम में एक 17 वर्षीय किशोरी पर गुलदार द्वारा हमला किया गया। घटना में घायल किशोरी को तत्काल उपचार हेतु उप जिला चिकित्सालय, लोहाघाट लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे उच्च केंद्र के लिए रेफर किया गया ।वर्तमान में किशोरी का उपचार सुशीला तिवारी चिकित्सालय में चल रहा है तथा चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर है। आज गुरुवार को प्रभागीय वनाधिकारी चंपावत द्वारा चिकित्सालय पहुँचकर घायल किशोरी का हालचाल जाना गया। इस दौरान उन्होंने परिजनों से भेंट कर उनका ढांढस बंधाया तथा हर संभव सहायता प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया। इस घटना के उपरांत वन विभाग द्वारा क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई करते हुए निगरानी एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन में उप प्रभागीय वनाधिकारी नेहा चौधरी एवं रेंज अधिकारी द्वारा मऊ ग्राम का दौरा किया गया, जहाँ उन्होंने घायल किशोरी के परिजनों से मिलकर उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी ।वन विभाग की टीम ने ग्रामवासियों के साथ बैठक कर उन्हें वन्यजीवों की संभावित गतिविधियों के प्रति जागरूक किया तथा आवश्यक सावधानियाँ बरतने हेतु प्रेरित किया।

साथ ही, मऊ ग्राम स्थित राजकीय इंटर कॉलेज एवं आसपास के गाँवों गंगाली एवं पुन्याल के अभिभावकों एवं ग्रामवासियों के साथ भी संवाद स्थापित किया गया। वन विभाग द्वारा विशेष अपील की गई कि आगामी कुछ दिनों तक बच्चे समूह में विद्यालय जाएँ तथा उनके साथ किसी वयस्क व्यक्ति की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।क्षेत्र में गुलदार की गतिविधियों की निगरानी हेतु दो पिंजरे स्थापित किए गए हैं तथा इम्प्रेशन पैड तैयार किए गए हैं, जिससे उसकी मूवमेंट का पता लगाया जा सके। एसडीओ वन विभाग नेहा चौधरी ने बताया गुलदार प्रभावित क्षेत्र में वन कर्मियों के द्वारा गस्त की जा रही है तथा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वही विद्यालय के शिक्षकों ने बताया गुलदार के भय से कई बच्चों ने स्कूल आना छोड़ दिया है। घटना में चामी के पूर्व प्रधान प्रकाश महर तथा क्षेत्र पंचायत मोहन सिंह ने समस्त क्षेत्र वासियों से सुरक्षा बरतने तथा वन विभाग के द्वारा दिए गए नियमों का पालन करने की अपील की है ।साथ ही उन्होंने वन विभाग से जल्द से जल्द गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की भी मांग की है।

## पालिका ने नगर में चलाया स्वच्छता अभियान पालिकाध्यक्ष ने संभाली कमान

**लोहाघाट।** गर्मी व आने वाले बरसात के मौसम को देखते हुए लोहाघाट नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर में विशेष स्वच्छता अभियान शुरू कर दिए गए है।



गुरवार को पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने मोर्चा संभालते हुए खुद स्वच्छता अभियान की कमान संभाली। पालिका अध्यक्ष वर्मा के दिशा निर्देश पर पर्यावरण मित्रों के द्वारा वीर कालू सिंह महरा चौक से लेकर पेट्रोल पंप तक एनएच की बंद पड़ी नालियो को खुलवाया गया साथ-साथ झाड़ी कटान का कार्य भी किया गया। पालिका अध्यक्ष वर्मा ने नगर वासियों से नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग देने नालियों को सार्वजनिक स्थानों में कूड़ा न फेंकने गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग देने की अपील की है। पालिका अध्यक्ष ने कहा पालिका के द्वारा नगर के समस्त वार्डो में विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे। नगर की पेयजल समस्या को देखते हुए जगह-जगह सोलर हैंड पंप स्थापित किए गए हैं तथा जगह-जगह हर वार्ड में सोलर लाइट स्थापित की जा रही है। कहां नगर के विकास के लिए बालिका अपने स्तर से पूरे प्रयास कर रही है।

# महापौर गजराज बिष्ट का ताबड़तोड़ निरीक्षण कई समस्याओं का मौके पर समाधान



## नालों की सफाई, जल निकासी और जलापूर्ति व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**हल्द्वानी।** नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने आज शहर के विभिन्न वार्डों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रथम चरण में महापौर ने वार्ड 43 स्थित जय दुर्गा कॉलोनी एवं राकासिया नाला क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने नाला सफाई, जल निकासी और स्वच्छता व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो।

इसके बाद वार्ड 47 के निलियम कॉलोनी में सड़क, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। महापौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं।

निरीक्षण के तृतीय चरण में वार्ड 41 स्थित ओवरहेड टैंक का जायजा लिया गया। इस दौरान टैंक की स्थिति को देखते हुए इसके पुनर्निर्माण और उच्च क्षमता की मोटर लगाए जाने का निर्णय लिया गया। महापौर ने जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु और निर्बाध बनाने के लिए कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने कई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर तत्काल समाधान के निर्देश दिए, जिससे कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण हो गया। महापौर ने कहा कि नगर निगम का प्रत्येक कार्य आमजन की सुविधा और जीवन स्तर सुधारने के लिए समर्पित है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं को कागजों तक सीमित न रखकर धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता भी देखने को मिली। महापौर ने सहयोग के लिए नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की।

# घर-घर से खरीदा जा रहा सरकारी चावल, एजेंटों के जरिए पहुंच रहा दूसरे राज्यों तक

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा आजाद नगर में सरकार द्वारा गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दिए जा रहे मुफ्त राशन के कालाबाजारी धड़ल्ले से की जा रही हैं। सूत्रों मिल रही जानकारी से सरकारी चावल की खुलेआम खरीद-फरोख्त और काला बाजारी का कुछ लोग के द्वारा दावा किया जा रहा है। आजाद नगर में एक बड़ा प्रभावशाली है जो सरकारी राशन का चावल खरीदता है। यह चावल वह करीब 15 रुपये प्रति किलो के भाव से खरीदता है। इसके बाद वही चावल अलग-अलग इलाकों में मौजूद एजेंटों सहित यूपी अन्य राज्यों को मोटे चावल को महंगे दामों के हिसाब से बेच दिया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में एक नाम भी सामने आया हैं, खबर में नाम न छापने की शर्त पर यह बात सामने आई है हम बताते चले कि जरूरतमंद लोगों को सस्ते गल्ले की दुकानों के माध्यम से प्रति यूनिट 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल मुफ्त उपलब्ध करा रही है। लेकिन आर्थिक तंगी या अन्य कारणों से कुछ लोग इस चावल को बेच देते हैं, जिसका फायदा उठाकर बिचौलियों का एक पूरा नेटवर्क सक्रिय हो चुका है। और इस मोटे चावल को यूपी सप्लाई अन्य राज्यों में भेजे जाने की बात सामने आई सूत्रों का दावा है कि हल्द्वानी में बनभूलपुरा आजाद नगर सहित अन्य पर एजेंट सक्रिय हैं, जो इस चावल को इकट्ठा कर आजाद नगर के एक बड़े खरीदार तक पहुंचाते हैं। यहां से यह चावल कम दामों में खरीदकर 26 रुपये प्रति किलो के दाम पर आगे बेचा जाता है।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस सरकारी चावल को ट्रकों और पिकअप के जरिए यूपी तक भेजे जाने की बात भी सामने आई है।इतना ही नहीं, इस अवैध कारोबार का एक बड़ा केंद्र बताया जा रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर चावल की सप्लाई होती है। यानी हल्द्वानी के बनभूलपुरा और आसपास के के कंट्रोल में सरकारी राशन का यह काला कारोबार संगठित रूप ले चुका है।इस पूरे मामले में सबसे गंभीर सवाल प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, कई बार शिकायत मिलने पर पूर्ति निरीक्षक और पुलिस ने चावल से भरे पिकअप ट्रकों को पकड़ नहीं सकी हैं, सूत्र बताते है औपचारिक कार्रवाई कर उन्हें छोड़ दिया जाता हैं इससे साफ है कि कोई भी अधिकारी द्वारा कार्रवाई न होना यह अवैध धंधा लगातार फल-फूल रहा है। इस मामले में जिलाधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

# शैक्षिक व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**अल्मोड़ा।** सपनों की आशा फाउंडेशन की ओर से ताड़ीखेत क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौनी में शैक्षिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भुवन चंद्र उपाध्याय, गिरीश चंद्र उपाध्याय, प्रधानाचार्य संतोष जोशी, हरीश बिष्ट और प्रेमावती ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला और टीम बिल्डिंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दंत स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर उन्हें दंत स्वच्छता और देखभाल के बारे में जानकारी दी। जिन विद्यार्थियों को आगे उपचार की आवश्यकता है, उनके लिए फाउंडेशन द्वारा सहयोग प्रदान करने की



बात कही गई। कार्यक्रम के समापन पर संस्था के सीईओ कमल लोहानी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्था शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। इस दौरान संस्था के सलाहकार घनश्याम पंत और मदन पांडेय ने भी विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद कर स्थानीय समस्याओं को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम को विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

## मानवाधिकार परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संभाली कमान

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद के सांगठनिक विस्तार के साथ ही क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। परिषद के नवनियुक्त वरिष्ठ जिला



उपाध्यक्ष राजन मंडल और विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप बढ़ई का माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।नगर के ऐतिहासिक श्रीरामलीला भवन में आयोजित स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं ने दोनों पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि राजन मंडल और प्रदीप बढ़ई जैसे कर्मठ नेताओं के जुड़ने से क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी और मानवाधिकारों के हनन पर प्रभावी रोक लग सकेगी।नवनियुक्त वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजन मंडल ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितकारी एवं लाभकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्तियों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुँचाना है। श्रमिकों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप बढ़ई ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि बहुत जल्द विधानसभा कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने युवाओं और समाजसेवियों से आह्वान किया कि वे मानवाधिकारों की रक्षा के लिए संगठन से जुड़ें, ताकि एक न्यायपूर्ण समाज का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से सतीश सागर, अभिषेक जाटव, सोमेश, रोहित, शंभू कश्यप, सोनू मल्लिक, अनीश, विक्रम, सूरज विश्वास, लोकेश रस्तोगी, अर्जुन श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## अशोक चक्र विजेता कैप्टन उमेद सिंह माहरा की वीरांगना पत्नी का निधन क्षेत्र में शोक की लहर

**लोहाघाट।** 19वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स के प्रथम तथा कुमाऊँ क्षेत्र के पहले अशोक चक्र विजेता, जनकांडे के वीर सपूत कैप्टन उमेद सिंह माहरा की वीरांगना धर्मपत्नी श्रीमती जानकी देवी का 86 वर्ष की आयु में आज सुबह उनके निवास हथरंगिया लोहाघाट में आकस्मिक निधन हो गया। जानकी देवी केवल एक वीर सैनिक की जीवनसंगिनी ही नहीं, बल्कि त्याग, साहस और धैर्य की जीवित मिसाल थीं। उन्होंने अपने जीवन को देशभक्ति और परिवार के संस्कारों के साथ जिया, और सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहीं। जानकी देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। जानकी देवी के निधन से लोहाघाट तथा जनकांडे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। लोगों ने उनके निधन पर दुख जताते हुए शोक व्यक्त किया है कहा वह एक वीर पत्नी थी उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर रिकेश्वर श्मशान घाट में किया जाएगा। जहां उनके पुत्र भूपेंद्र सिंह मांहरा और दीपक माहरा उनकी चिता को मुखाग्ने देंगे। उनके निधन पर जिला पंचायत सदस्य अशोक महरा, विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ,पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, पालिका अध्यक्ष ,गोविंद वर्मा, गोविंद सिंह बोहरा ,राजू गढ़कोटी, जीवन गहतोड़ी, मोहन चंद्र राय सहित कई लोगों ने दुख व्यक्त किया है कहा ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।



## लोहाघाट में मनचलों के हौसले बुलंद, मुकदमा किया दर्ज

**लोहाघाट ।** नगर में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। नाबालिग के पिता ने लोहाघाट थाने में तहरीर दी है। तहरीर में बताया गया है उनकी नाबालिग बेटी कल शाम 6 बजे के करीब अपने एक दोस्त के साथ घूमने जा रही थी इस दौरान राईकोट निवासी हिमांशु बिष्ट ने अपने एक दोस्त के साथ बाइक से दोनो का पीछा किया और उसने मेरी बेटी से उसका मोबाइल नंबर मांगा। जब उसने प्रतिरोध किया तो वह गाली गलौज और मारपीट पर उतर आया ।उसने मेरी बेटी को थप्पड़ मारे और उनके ऊपर हमला कर दिया। कहा उनकी बेटी ने बताया कि हिमांशु ने उसका हाथ पकड़ लिया और थप्पड़ मारा। मेरी लड़की ने बताया कि उसके अंगूठे में और अंगुलियों में खून भी बहने लगा। तथा बेटी को जान से मारने की धमकी भी दी कहा यह घटना जय दुर्गा टेंट हाउस के पास की है। उन्होंने पुलिस से दोनों असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद उनकी बेटी सदमे में है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी आरोपी युवक हिमांशु के बड़े भाई लकी बिष्ट ने भी उनकी बेटी से छेड़खानी की थी । जिस पर उन्होंने लोहाघाट थाने में शिकायत दर्ज की थी लकी बिष्ट और उसके परिजनों ने लोहाघाट थाने में लिखित माफी नामा दिया था। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पीड़ित नाबालिग के पिता के द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं लोगों ने कहा नगर में मनचलो और अराजक तत्वों का बड़ा खौफ हो गया है। लोगों ने पुलिस से गस्त बढ़ाने तथा कार्रवाई की मांग की है।

## श्री पंचदशनाम महाकाल अखाड़ा आध्यात्मिक विद्यापीठ को देगा विशेष सहयोग

**पिथौरागढ़।** श्री पंचदशनाम महाकाल अखाड़ा पटियाला पंजाब के संस्थापक एवं संरक्षक आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी नागा वेदान्त गिरि महाराज ने आध्यात्मिक विद्यापीठ (पूर्व नाम आध्यात्मिक विश्वविद्यालय) को समर्थन पत्र भेजकर कहा कि आध्यात्मिक विद्यापीठ के सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए किए जा रहे कार्य जैसे वेद पुराण प्रवचन, योग प्रशिक्षण, तंत्र मंत्र दीक्षा, ज्योतिष एवं वैकल्पिक चिकित्सा कार्यशालाएं उनके अखाड़े के उद्देश्यों से पूर्णतः मेल खाते हैं। अतः उनके अखाड़े के विद्वान, साधु संत विद्यापीठ के कार्यों में वक्ता के रूप में प्रतिभाग करेंगे और वेदान्त, तंत्र मंत्र, महाविद्या साधना एवं सनातन ग्रंथों पर विशेष व्याख्यान आयोजित करेंगे। धार्मिक आयोजनों, कुंभ मेला विशेष शिविर, अखाड़ा परम्पराओं पर आयोजित यूट्यूब चैनल, वीडियो कंटेन्ट निर्माण में सहायता करेंगे। अपने पुस्तकालय से ग्रंथ, पुस्तकें आदि धार्मिक व आध्यात्मिक सामग्री उपलब्ध कराएंगे। अखाड़े के आयुर्वेदिक व वैकल्पिक चिकित्सा विशेषज्ञ विद्यापीठ का सहयोग करेंगे।